**Instruction Bulletin for the Month of Aug-2025**
**IB/ETC/GZB/2025 - 25/08**

*** केस स्टडी - 1**

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 07.08.2025 | 31794 | FN-GHH | दिल्ली |
| UOR / अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण | दिनांक 07.08.2025 को लोको सं० 31794 गाड़ी सं० FN RNI में गाड़ी कार्य के दौरान अवांछित दुर्घटना को टाले जाने के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग | दिनांक 07.08.2025 को लोको सं० 31794 गाड़ी सं० FN RNI का प्रस्थान FN से समय 00:15 पर हुआ। FN-GHH सेक्शन के बीच गाड़ी कार्य के दौरान सतर्क क्रू ने देखा की किमी० सं० 14/32 पर एक PRC स्लीपर एवं गद्दा ट्रैक पर रखा हुआ है। लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक अप्लाई किया तथा गाड़ी को अवरोध से पहले रोक दिया। सहायक लोको पायलट और गार्ड द्वारा ट्रैक से स्लीपर और गददे को ट्रैक से हटाया गया तत्पश्चात गाड़ी का प्रस्थान हुआ। कि०मी० सं०14/14 पर पुन: एक PRC स्लीपर ट्रैक पर रखा मिला। जो पुन: सहायक लोको पायलट और TM के द्वारा हटाया गया जिसके बाद गाड़ी का प्रस्थान हुआ। | | |
| TSD के अनुसार कार्यवाही / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | ................................ | | |
| टिपण्णी | लोको क्रू की सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही करने के कारण एक बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका। क्रू की त्वरित प्रतिक्रिया और निर्णायक कार्यवाही प्रशंसा और सराहना के योग्य है। | | |

*** केस स्टडी - 2**

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 28.08.2025 | xxxx | 54058 | दिल्ली |
| UOR / अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण | दिनांक 28.08.2025 को गाड़ी सं० 54058 के लोको क्रू द्वारा गाड़ी कार्य के दौरान किये जाने वाले अच्छे कार्य के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग | लोको पायलट मुख्यालय गाजियाबाद गाड़ी सं० 54058 पर कार्यरत थे। गाड़ी का प्रस्थान FN से समय 00:15 पर SMQL-DLI सेक्शन में कार्य करते समय सतर्कता और सजगता का परिचय दिया। KPKI-BTU स्टेशन के बीच चालक दल को किमी०सं० 51/05 से 50/16 के बीच जर्क महसूस हुआ , लोको पायलट ने तुरंत कार्यवाही करते हुए ट्रेन को रोक दिया और TM से ट्रैक की जाँच करने को कहा , जाँच के दौरान कोई असामन्यता नहीं मिली। तत्पश्चात सावधानीपूर्वक कार्य करते हुए गाड़ी को चलाया गया। BTU स्टेशन पर पीछे के पॉइंट्स को जाम रखते हुए गाड़ी रोककर SM/BTU को लिखित मेमो दिया गया। जिसमे ट्रैक की जाँच करने का अनुरोध किया गया। जिसके बाद SSE/P.WAY द्वारा घटना स्थल का निरिक्षण करने पर पाय गया की ट्रैक के नीचे की मिटटी बह गयी है। तत्पश्चात सुरक्षित गाड़ी संचालन हेतु 30 kmph का काशन लगा दिया गया। चालक दल की इस त्वरित कार्यवाही के कारण एक अवांछित दुर्घटना को टाला जा सका। | | |
| TSD के अनुसार कार्यवाही / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | ................................ | | |
| टिपण्णी | लोको क्रू की सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही करने के कारण एक बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका। क्रू की त्वरित प्रतिक्रिया और निर्णायक कार्यवाही प्रशंसा और सराहना के योग्य है। | | |

* केस स्टडी - 3

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 31.08.2025 | xxxx | 14521 | दिल्ली |
| UOR / अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण | दिनांक : 31.08.25 को गाड़ी सं०14521 के क्रू द्वारा किये जाने वाले अच्छे कार्य के सम्बन्ध में I | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग | लोको पायलट पैसेंजर , सहायक लोको पायलट मुख्यालय गाजियाबाद GZB-MTC सेक्शन में गाड़ी सं० 14521 पर कार्यरत थे I SM, MDNR ने MDNR-MUZ सेक्शन में किमी०सं० 56/19 – 56/21 पर MRO सम्बंधित किसी चीज पर ध्यान न देने हेतु T-409 सं० 921702 जारी किया I इसके अलावा SM , MDNR ने VHF सेट पर भी सूचित किया की साईट को बुक्ड स्पीड से पास किया जा सकता है I MUZ स्टेशन से गुजरते समय LP ने साईट की मंजूरी की पुष्टी के लिए SM/MUZ से सम्पर्क किया I SM, MUZ ने भी बुक्ड स्पीड से गुजरने की सलाह दी I MUZ के स्टार्टर सिगनल से गुरने के बाद सतर्क क्रू ने देखा की किमी० सं० 56/19 पर ट्रैक के बीच एक घायल व्यक्ति को पड़ा देखा वह व्यक्ति जीवित था लेकिन उसके पैर कट गए थे और उसे गंभीर चोटे आई थी I अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए लोको पायलट ने घटना स्थल से पहले ट्रेन को रोक दिया I और SM, MUZ , TC/NDLS और TM को इस विषय में सूचित किया I TM ने यात्रियों की मदद से घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर पर लिटाया और और आगे की चिकित्सा के लिए पॉइंट्स मेन श्री रोहित कुमार को सौंप दिया I | | |
| TSD के अनुसार कार्यवाही / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | ................................ | | |
| टिपण्णी | लोको क्रू  मुख्यालय गाजियाबाद की सतर्क और समय पर की गयी उचित कार्यवाही के कारण एक मानव जीवन बच गया I इनके द्वारा किया गया उत्कृष्ट कार्य वास्तव में सराहनीय है I | | |

* केस स्टडी - 4

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 04.08.25 | 39058/TATA | 82502 | दिल्ली |
| UOR / अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण | दिनांक 04.08.25 को  लोको सं० 39058/TATA, गाड़ी सं० 82502 को होने वाली समय हानि के सम्बन्ध में I | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग | दिनांक 04.08.25 को गाड़ी सं० 82501, लोको सं० 39058/TATA का NDLS में आगमन समय 20:10 पर हुआ I उक्त लोको का गाड़ी सं० 82502 में DOT होना था I लोको पायलट शंटर , नयी दिल्ली द्वारा समय 21:13 मिनट पर लोको को डीटैच कर गाड़ी सं० 82502 में ऑन ट्रेन किया I समय 21:50 पर लोको पायलट मेल ने लोको का चार्ज लिया I अंडरफ्रेम की जाँच के दौरान सहायक लोको पायलट ने पाया की TM-6 की टार्क आर्म के अपर एंड का एक बोल्ट नहीं था I इसकी सूचना लोको पायलट शंटर को दी I लोको पायलट शंटर द्वारा ये सूचना TC/NDLS को दी गयी I समय 22:30 मिनट पर SSE/ट्रिप शेड/NDLS लोको पर आये तथा काफी प्रयास के बाद भी सफलता न मिलने पर समय 22:57 पर लोको को फेल कर दिया गया I एवं लोको सं० 30821/BL को 23:23 पर ऑन ट्रेन किया गया I तत्पश्चात गाड़ी का प्रस्थान समय 23:38 पर हुआ I | | |
| TSD के अनुसार कार्यवाही / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | लोको पायलट शंटर नयी दिल्ली द्वारा लोको के अंडरफ्रेम की सही प्रकार से जाँच नहीं की I लोको का चार्ज लेते समय अंडर फ्रेम का गहन निरिक्षण अवश्य करना चाहिए I | | |
| टिपण्णी | यदि क्रू और लोको पायलट शंटर नयी दिल्ली दोनों में से किसी के द्वारा भी अंडर फ्रेम की जाँच ठीक प्रकार से की गयी होती तो अवांछित लोको फेलियर एवं समय हानि को बचाया जा सकता था I | | |

* केस स्टडी - 5

<table>
<tr><td>दिनांक</td><td>लोको न० / शेड</td><td>गाड़ी न०</td><td>मंडल</td></tr>
<tr><td>05.08.25</td><td>60060/WAG-12 / SRE</td><td>CDG</td><td>अंबाला</td></tr>
<tr><td>UOR / अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण</td><td colspan="3">दिनांक 05.08.25 को गाड़ी सं० CDG, लोको सं० 60060/WAG-12 / SRE को होने वाली अनावश्यक समय हानि के सम्बन्ध में।</td></tr>
<tr><td>लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग</td><td colspan="3">दिनांक 05.08.25 को गाड़ी सं० CDG, लोको सं० 60060/WAG-12 / SRE का BBDE से प्रस्थान 05:25 पर हुआ। जब गाड़ी DPP की लूप लाइन में प्रवेश कर रही थी तब लोको का VCB ओपन हो गया , VCB क्लोज करने पर भी VCB क्लोज नहीं हुआ। इसके साथ VCD ऑपरेट होने के कारण BP प्रेशर भी '0' हो गया और गाड़ी पिछला पॉइंट को जाम करके खड़ी हो गयी। जिसके बाद लोको पायलट द्वारा VCD को रिसेट कर ब्लाक सेक्शन को साफ़ किया गया।</td></tr>
<tr><td>TSD के अनुसार कार्यवाही / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही</td><td colspan="3">विजिलेंस को एक्नालेज और रिसेट करने का तरीका –<br>विजिलेंस कन्ट्रोल, इन्चिंग मोड को छोड़कर सभी मोड में एक्टिव रहता है। विजिलेंस कन्ट्रोल एक्टिव होने के लिए लोको की गति 5 kmph से ऊपर होनी चाहिए। लोको पायलट को चाहिए की 60 सेकंड के अंदर निम्न में से कोई एक कार्य अवश्य करे।<br>i. मास्टर कंट्रोलर के हैंडल का मूवमेंट (5 %)<br>ii. ऑटो ब्रेक हैंडल का मूवमेंट<br>iii. विजिलेंस पैडल स्विच को पुश करना<br>iv. VCD Ack/रिसेट पुश बटन को दबाना<br>यदि 60 सेकंड के अंदर उपरोक्त में से कोई क्रिया नहीं की जाती तो तो एक अलार्म बजने लगता है और विजिलेंस इंडिकेशन जल जाता है। रिसेट करने के लिए , लोको पायलट को विजिलेंस पैडल स्विच को प्रेस और रिलीज करना चाहिए। यदि अलार्म 16 सेकंड के अंदर बंद नहीं होता है तो पेनल्टी ब्रेक लग जायेंगे।<br>विजिलेंस पेनल्टी को रिसेट करने के लिए लोको पायलट को चाहिए कि –<br>1. ट्रैक्शन ब्रेक कंट्रोलर हैंडल को न्यूट्रल पर लाये।<br>2. 32 सेकंड इंतज़ार करे।<br>3. सेन्ट्रल पैनल पर VCD Ack/रिसेट पुश बटन दबाये।<br>4. VCB को क्लोज कमांड दे।<br>5. रिसेट को इवेंट रिकॉर्डर में नोट किया जाता है।<br>पेनल्टी ब्रेक को रिसेट करने के लिए ऑटो ब्रेक हैंडल को 10 सेकंड के लिए FS पोजीशन पर रखे और EBV पर "Ok to Run" इंटीमेशन आने के बाद ऑटो ब्रेक हैंडल को Run पर ले जाए।<br>संकेत – जब सिगनल अलार्म एक्टिव होता है तो बजर बजता है और इंडिकेशन पैनल पर इंडीकेट होता है।</td></tr>
<tr><td>टिपण्णी</td><td colspan="3">लोको पायलट द्वारा VCD को समय रहते एक्नालेज नहीं किया गया। जिस कारण अनावश्यक समय हानि हुयी।</td></tr>
</table>

* केस स्टडी - 6

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 13.08.25 | 37088/BL | 19702 | दिल्ली |
| UOR / अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण | दिनांक 13.08.25 को गाड़ी सं० 20410 लोको सं० 37088/BL को होने वाली अनावश्यक समय हानि के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग | दिनांक 13.08.25 को गाड़ी सं० 20410 लोको सं० 37088/BL का क्रू ने SSB में समय 19:57 पर चार्ज लिया। गाड़ी का SSB से प्रस्थान समय 20:01 बजे हुआ। तथा DEC पर आगमन समय 20:50 बजे हुआ। DEC में इसी रैक व लोको के द्वारा गाड़ी सं० 19702 का कार्य होता है। लोको पायलट ने सामान्य जांच के दौरान पाया की लोको के व्हील न० 9 तथा 11 के बीच सेकेंडरी हॉरिजॉन्टल डैम्पर अन्दर की ओर के दो बोल्ट गायब थे जिसके बाद लोको क्रू ने मेटल वायर द्वारा सिक्योर करने का प्रयत्न किया।सफलता न मिलने पर TC/NDLS को समय 21:13 पर सूचित किया। समय 21:30 पर लोको को फेल कर दिया गया। गाड़ी कार्य के लिए अन्य लोको सं० 33566/ BL की व्यवस्था की गयी। और गाड़ी का प्रस्थान 7 मिनट के विलम्ब से 00:14 पर हुआ। | | |
| TSD के अनुसार कार्यवाही / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | लोको क्रू द्वारा चार्ज लेते समय और रास्ते में खड़े/ठहराव वाली जगह पर अंडरफ्रेम का निरिक्षण अवश्य करना चाहिए। ताकि लूज फिटिंग या अन्य यांत्रिक वस्तु जैसे नट, बोल्ट इत्यादि के बारे में पता चल सके जिससे अवांछित दुर्घटना को टाला जा सके। | | |
| टिपण्णी | लोको क्रू द्वारा लोको के अंडरफ्रेम की जाँच ठीक प्रकार से नहीं की गयी। जिस कारण गाड़ी को अनावश्यक समय की हानि हुयी। | | |

*** केस स्टडी - 7**

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 14.08.25 | 23608 / LKO | 14236 | मुरादाबाद |
| **UOR / अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण** | दिनांक 14.08.25 को गाड़ी सं० 14236 लोको सं० 23608 / LKO को होने वाली समय की हानी के सम्बन्ध में I | | |
| **लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग** | दिनांक 14.08.25 को गाड़ी सं० 14236 लोको सं० 23608 / LKO का BE से प्रस्थान हुआ I BE का एडवांस स्टार्टर सिगनल पास करने के बाद लोको पायलट को एहसास हुआ की गाड़ी की गति 15 kmph से अधिक नहीं बढ़ रही है I लोको पायलट ने ब्लाक सेक्शन साफ़ करने के बाद गाड़ी को BRCY स्टेशन पर खड़ा किया तथा VCB को 2 – 3 बार ओपन क्लोज किया सफलता नहीं मिली जिसके बाद जाँच करने पर पाया की स्विच HSM '0' तथा '1' पोजीशन के बीच में था जिसे पोजीशन '1' पर करने से लोको नार्मल हो गया और गाड़ी का प्रस्थान हुआ I | | |
| **TSD के अनुसार कार्यवाही / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही** | लोको पायलट हेतु निर्देश :<br>सभी लोको पायलट/सहायक लोको पायलट जब भी लोको का चार्ज लें तो HSM स्विच का सामान्य पोजीशन "1" पर होना सुनिश्चित करें।<br>सभी लोको पायलट/सहायक लोको पायलट शंटिंग कार्य के लिए MP को "0" पर लाएँ, LSGR लेम्प का प्रकाशित होना सुनिश्चित करें। लोकों की कैब के पीछे की दीवार पर लगाये गए निर्देशानुसार, TB पैनल पर लगाये गए स्विच HSM को पोजीशन '1' से पोजीशन '0' पर रखकर संचालन सुनिश्चित करें ।<br>शंटिंग कार्य पूरा होने के बाद, MP को "0" पर लाएँ, LSGR लैम्प का प्रकाशित होना सुनिश्चित करें। HSM स्विच को वापिस पोजीशन '0' से पोजीशन '1' पर रखें ।<br>MPCS वाले लोको में सामान्य कार्य संचालन के दौरान यदि 15 kmph की गति पर ऑटो रिग्रेशन आकर LSGR लैम्प प्रकाशित होता है और उसके बाद फ़र्स्ट नोच पर ऑटो रिग्रेशन आता है तो HSM स्विच का पोजीशन 1 पर होना सुनिश्चित करें।<br>बिना MPCS वाले लोको में सामान्य कार्य संचालन के दौरान यदि 15 kmph की गति पर ऑटो रिग्रेशन आकर LSGR लैम्प प्रकाशित होता है और उसके बाद टोटल लॉस ऑफ ट्रैक्टिव एफर्ट आता है तो HSM स्विच का पोजीशन "1" पर होना सुनिश्चित करें<br>यदि HSM स्विच 1" पर है, फिर भी यह समस्या आती है तो HSM स्विच को 2-3 बार ऑपरेट करके वापिस पोजीशन 1 पर रखें ।<br>फिर भी सफलता नहीं मिलती है तो TLC को सूचित करें, GR के मैनुअल ऑपरेशन के द्वारा सेक्शन क्लियर करें तथा लॉग बुक में दर्ज करें।<br>माइक्रोप्रोसेसर लोको में HSM का Contact ("0" Position) VE2 पर है। Malfunction करने पर बिना LSP प्रकाशित हुए पहली नोच पर Autoregression आएगा । अतः लोको पायलट HSM स्विच का पोजीशन '1' पर होना सुनिश्चित करें। | | |
| **टिपण्णी** | लोको क्रू द्वारा लोको का चार्ज लेने के दौरान स्विच HSM का नार्मल पोजीशन में होना सुनिश्चित नहीं किया I जिस कारण से गाड़ी को अनावश्यक समय की हानि हुयी I | | |

* केस स्टडी - 8

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 21.08.25 | 25001/TKD | 12191 | दिल्ली |
| UOR / अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण | दिनांक 21.08.25 को गाड़ी सं० 12191 लोको सं० 25001/TKD को होने वाली समय हानि के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग | दिनांक 21.08.25 को गाड़ी सं० 12191 लोको सं० 25001/TKD का NZM से समय 14:05 पर प्रस्थान हुआ। समय 14:07 BP प्रेशर '0' हो गया। जाँच करने पर गाड़ी में कहीं लीकेज नहीं पायी गयी। जिसके बाद गाड़ी एवं लोको के बीच के एंगल कॉक को बंद करने पर भी BP प्रेशर नहीं बना। गहन जाँच करने पर लोको पायलट ने देखा की रियर कैब की VCD ऑपरेट थी जिस कारण BP प्रेशर नहीं बन पा रहा था। लोको पायलट द्वारा पुन: BL key को रियर कैब में लगाकर प्रॉपर निकालकर अगली कैब में लगाया गया और रिसेट करने के पश्चात BP प्रेशर बन गया और गाड़ी का प्रस्थान समय 14:24 पर हुआ। जैसे ही लोको की गति 15 kmph से उपर बढ़ी, ऑटो रिग्रेशन मिलने लगा जिसके कारण गाड़ी पुन: 14:41 मिनट पर दोबारा खड़ी हो गयी। स्विच HSM को पोजीशन 1-0-1 पर किया गया परन्तु सफलता नहीं मिली इसके बाद स्विच HSM को 2-3 बार ऑपरेट किया गया। सफलता मिलने पर समय 14:43 पर गाड़ी का प्रस्थान हुआ। | | |
| TSD के अनुसार कार्यवाही / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | 1. पेनाल्टी ब्रेक लगने के बाद पहले MP को '0' पर करे। LED व बजर फ्लैश व बजता रहेगा। 32 सेकंड इंतज़ार करे उसके पश्चात LED के बुझने के बाद VCD रिसेट पुश बटन दबाये जिससे ब्रेक रिलीज हो जायेंगे। प्रेशर पूरा होने पर गाड़ी कार्य करे। 2. स्विच HSM से सम्बंधित निर्देश उपर दिए गए है। | | |
| टिपण्णी | लोको क्रू द्वारा VCD को एक्नालेज नहीं किया गया जिस कारण VCD ऑपरेट हुयी तथा रियर कैब की VCD ऑपरेट होना कारण बताया जो की गलत है। इसके साथ लोको का चार्ज लेते समय स्विच HSM '0' पोजीशन पर था जिसको लोको क्रू ने चैक नहीं किया। उपरोक्त कारणों से गाड़ी को अनावश्यक समय की हानि हुयी। | | |

(पूनम अहलावत)
प्रधानाचार्य
विद्युत प्रशिक्षण केंद्र, गाजियाबाद
दिनांक – 25.09.2025

न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/परिचालन, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ , फिरोजपुर , अंबाला , मुरादाबाद - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण /जम्मूतवी- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।